तापमान

अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 18 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



10 ऑपरेशन सिंदूर : भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई ...





12 मां अंगारमोती मंदिर ट्रस्ट गंगरेल के नवनिर्वाचित ...




## खबर संक्षेप

### साहू समाज की बैठक लिमतरा में आज

**धमतरी।** साहू समाज की बैठक 18 मई रविवार को साहू समाज परिक्षेत्र भवन लिमतरा में रखी गई है, जिसमें वार्षिक आय-व्यय की जानकारी, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं प्राप्त आवेदन पर विचार-विमर्श किया जायेगा। अध्यक्ष हंसराज साहू ने सामाजिकजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने ब्रिक्स फैक्ट्री में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी देमार निवासी लाकेश कुमार साहू पिता दिलेश्वर उम्र 22 वर्ष फर्नीचर का काम करता था। शुक्रवार की दोपहर युवक ने गांव में स्थित ब्रिक्स की बंद फैक्ट्री में लगे शेड में गमछा का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### चर्रा में अवैध शराब बेच रही महिला गिरफ्तार



**कुरुद।** पुलिस ने ग्राम चर्रा में अवैध रुप से शराब बेचने वाली एक महिला से 42 पौवा देशी शराब कीमत 3460 रूपये जप्त की। धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपिया को रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस को ग्राम चर्रा पारधी पारा में नंदनी सिसोदिया उम्र 32 वर्ष अपने घर में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर रेड की कार्यवाही की गई। महिला आरक्षक रिंकी मंडावी ने उसके घर की तलाशी की। आरोपिया के कब्जे से एक थैले में 30 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 10 पौवा देशी मसाला कुल 42 पौवा शराब जब्त की। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपिया को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्यवाही में प्रआर रामसेवक बंबोड़े, आरक्षक अश्वनी गायकवाड़, डेनेश्वर टंडन, महेश साहू, संतोष यादव की भूमिका रही।

कहीं तार टूटा तो कहीं केबल वायर हुआ खराब, शाम तक हो गई व्यवस्था दुरूस्त

# आंधी, बारिश से चरमराई बिजली व्यवस्था

**केस 1**

आंधी बारिश से ग्राम खपरी में बिजली तार टूटकर टिन के शेड पर गिर गया था, जिसके चलते गांव में रातभर बिजली गुल रही। सुबह 10.30 बजे बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे और तार को जोड़ा। लाइन चालू करने के बाद पता चला कि दो स्थान पर और फाल्ट है। करीब 1 बजे तक कर्मचारी व्यवस्था दुरूस्त करने में लगे रहे।

**केस 2**

ग्राम पंचायत तरसींवा में बिजली सप्लाई के लिए लगाया गया केबल वायर आंधी बारिश से खराब हो गया। इसके चलते कई घरों की सप्लाई बाधित रही। रातभर लोग परेशान होते रहे। दोपहर को बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे, तब व्यवस्था बहाल हो पाई। ग्राम भानपुरी में भी लाइन फाल्ट के चलते कई घरों की बिजली बंद रही।





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शुक्रवार रात की बारिश से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। सुबह से आंधी, बारिश से कई गांवों में ब्लैक आउट की स्थिति रही। वहीं शहर के कई इलाकों में भी रात में बिजली की आंख-मिचौली चलती रही। हटकेशर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तो रात 1 बजे तक बिजली गुल रही।


लगातार 15 दिनों से अंचल में मौसम खराब चल रहा है। इस खराब मौसम से बिजली सप्लाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को शाम ढलते ही आंधी बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था, जो रात 11 बजे तक चलता रहा। इससे कई स्थानों पर बिजली सप्लाई बाधित रही। ग्राम खपरी में रात 11 बजे बिजली का तार टूटकर टिन के शेड पर गिर गया। खतरे को देखते हुए ट्रांसफार्मर से डीओ कट कर दिया गया। बारिश लगातार जारी रहने के कारण कर्मचारी तार को रात में नहीं जोड़ पाए। सुबह ड्यूटी पर आते ही कर्मचारी व्यवस्था सुधारने में लग गए। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद सप्लाई दुरूस्त हो पाई। ग्राम तरसींवा और भानपुरी में भी लाइन फाल्ट के कारण बिजली सप्लाई प्रभावित रही। बिजली विभाग के कर्मचारी एक के बाद एक गांवों में पहुंचकर व्यवस्था दुरूस्त करते रहे। शाम तक सभी गांवों में सप्लाई दुरूस्त कर ली गई थी।

### बड़ी क्षति नहीं

पिछली आंधी बारिश से बिजली विभाग को करीब 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। धमतरी डिवीजन में ही 65 खम्भे टूट गए थे। कई तार भी टूट गए थे। इस बार आंधी बारिश से बिजली व्यवस्था भले ही बाधित हुई थी, लेकिन बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। धमतरी डिवीजन के कार्यपालन अभियंता अनिल सोनी ने बताया कि सुधार कार्य चलता रहेगा। उपभोक्ताओं को परेशानी न हो इसके लिए कर्मचारी दिन रात ड्यूटी पर तैनात हैं। इस बारिश से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है।

# नेशनल हाईवे में चलती कार में युवकों की हीरोपंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नेशनल हाइवे में चलती कार में सवार दो युवक फिल्मी स्टाइल में हीरोपंती कर दुर्घटना को न्योता देते नजर आए। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्ग में वाहनों के दबाव बढ़ने से लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। घटनाओं को देख इन मार्गों से गुजरने वाले डरे सहमे हुए रहते हैं, लेकिन कुछ लोग न अपनी जान की परवाह करते हैं और न ही दूसरों की। व्यस्त सड़क पर अपनी जान को जोखिम में तो डालते ही हैं अपने साथ अन्य राहगीरों के जीवन को भी संकट में डाल देते हैं।

■ दुर्घटना को निमंत्रण

कुछ इसी तरह की घटना शुक्रवार की रात्रि नेशनल हाइवे में सामने आई है। शुक्रवार की रात्रि तेज बारिश के बीच एक नीले रंग की कार ग्राम छाती से धमतरी की ओर आ रही थी। कार की पैसेंजर सीट में सवार दो युवक खिड़कियों से अपने आपको आधा निकाल कार की छत के उपर से दोनों हाथ मिलाने का प्रयास कर डांस कर रहे थे। इस दौरान कार पूरी रफ्तार से नेशनल हाइवे में शहर की तरफ दौड़ रही थी। जिसे देख पीछे चल रहे एक अन्य कार चालक ने युवकों की चलती कार में कर रहे स्टंटबाजी का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस तरह की स्टंटबाजी को संज्ञान में लेकर पुलिस को उक्त कार के चालक व युवकों की तलाशकर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। जिससे इस तरह के स्टंटबाजों व कार चालकों को सबक मिल पाएगा।

# तीन आदतन अपराधी हुए जिलाबदर, अब तक 21 बदमाशों पर हो चुकी है कार्रवाई







**धमतरी।** जिले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला दण्डाधिकारी ने तीन आदतन अपराधी को जिलाबदर किया है। पुलिस के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर वर्ष 2025 में तीन बदमाशों को जिलाबदर किया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के सौरभ सोनी, गौरव मानिकपुरी व संतदास मानिकपुरी अपने-अपने साथियों के साथ मिलकर छोटी-छोटी बातों पर जान से मारने की धमकी देना, लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करना, चाकू-तलवार दिखाकर डराना व बलवा करना जैसे अपराधिक कृत्य करते आ रहे थे। आपराधिक गतिविधियां उनकी आदत बन चुकी हैं। तीनों आरोपी आपराधिक, उपद्रवी व विध्वंसक प्रवृत्ति के होने के कारण शहर की आम जनता में इन लोगों का डर व्याप्त था जिसे देखते हुए एसपी की अनुशंसा पर जिला दण्डाधिकारी ने छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए तीनों बदमाश सौरभ सोनी पिता नरेन्द्र उम्र 25 वर्ष निवासी आमातालाब रोड धमतरी, गौरव दास मानिकपुरी पिता अशोक उम्र 25 वर्ष मोटर स्टैण्ड वार्ड धमतरी व संतदास मानिकपुरी पिता चुरामन दास उम्र 25 वर्ष मकेश्वर वार्ड धमतरी निवासी को 1 वर्ष के लिए धमतरी जिला सहित समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, दुर्ग व कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने-जिलाबदर का आदेश पारित किया है। उक्त अवधि में सक्षम न्यायालय के अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करने का आदेश पारित किया गया है। आदेश का पालन नहीं करने पर उसे बलपूर्वक उपरोक्त जिला की सीमाओं से बाहर निकाल दिए जाने का निर्देश दिया गया है। वर्ष 2024-25 में अभी तक जिला दण्डाधिकारी के समक्ष कुल 22 गुण्डा-बदमाशों के विरूद्ध जिलाबदर के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया है जिसमें से अब तक 21 बदमाशों पर जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


भोयना की घटना, चार से पांच साल पुराना होने की आशंका

# बंद फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक में मिला नर कंकाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी


बंद फैक्ट्री के गोदाम के सेप्टिक टैंक में चार से पांच साल पुराना नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस टैंक से खोपड़ी व हड्डियों को निकाल आगे की कार्रवाई में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र ग्राम भोयना में पांच साल पहले पुट्ठा बनाने की फैक्ट्री चल रही थी जो किसी कारण से बंद हो गई थी। शनिवार की सुबह बंद पड़ी फैक्ट्री के मालिक कुछ लोगों के साथ उक्त जमीन की नापजोख करने गए थे। गोदाम के पास सेप्टिक टैंक स्थित है, जिसका ढक्कन खुला हुआ था। इसी दौरान नापजोख कर रहे लोगों की नजर सेप्टिक टैंक के भीतर पड़ गई। टैंक में भरी मिट्टी के उपर मानव खोपड़ी का उपरी हिस्सा दिखाई दिया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। एएसपी व अर्जुनी पुलिस तथा एलएसएल की टीम तत्काल फैक्ट्री में पहुंची। टैंक में जमी मिट्टी की लगभग चार फीट खुदाई करने के बाद सीमेंट के पोल से बंधे हुए नरकंकाल को बरामद किया गया। नरकंकाल के पुराना होने के कारण हड्डियां व खोपड़ी अलग- अलग हो चुकी थी। सभी हड्डियों को बाहर निकाल एलएसएल की टीम जांच में जुट गई।

कंकाल मेल है कि फीमेल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। कंकाल के बंधे होने के कारण हत्या की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

### कंकाल को मेडिकल कालेज भेजा गया

इस संबंध में एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने मीडिया को बताया कि पुट्ठा फैक्ट्री व सेप्टिक टैंक में नरकंकाल मिला है जो 4 से 5 साल पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम सहित डीएनए टेस्ट व अन्य जांच के लिए कंकाल को मेडिकल कालेज रायपुर भेजा जाएगा। जांच के बाद ही आगे का खुलासा हो पाएगा। पुलिस की जांच जारी है।




कचना के कृषकों ने अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने की मांग कलेक्टर से की

# अवैध प्लाटिंग से कृषि भूमि हो जाएगी बंजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



गांवों की कृषि भूमि में हो रही अवैध प्लाटिंग ने किसानों की मुसीबत बढ़ा रही है। अवैध प्लाटिंग का एक मामला कचना से आया है। कचना के अनेक कृषकों ने कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन में खेतों में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने की मांग की है।

कचना के किसान बालकुमारी, श्यामकुमारी, खेमराज साहू, राजकुमार, वकील, सोनू चक्रधारी, पुरानिक साहू सहित अन्य किसानों ने कलेक्टर से शिकायत में कहा है कि ग्राम कचना स्थित खसरा नं. 978, 977/1, 976/2, 975/2, 973/2 एवं अन्य कृषि भूमि को रायपुर के एक बिल्डर ने अपने अनेक पार्टनरों के साथ क्रय किया है। उक्त खेतों के बीचोबीच मुरूम की सड़क बनाकर चारों तरफ बाउंड्रीवाल किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि जिस जमीन पर मुरूम का रास्ता बनाकर बाउंड्रीवाल किया जा रहा है, उसी से होते हुए अन्य खेतों में सिंचाई के लिए पानी आता है। बाउंड्रीवाल होने से खेतों में सिंचाई पानी आने में बाधा आयेगी। आगे कहा है कि उक्त खेतों में पंचायत की अनुमति और शासन से परमिशन लिए बिना निर्माण कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। भविष्य में जमीन की प्लाटिंग कर इसे बेच दिया जाएगा जिससे अनेक किसानों की जमीन बंजर हो जाएगी। किसान खेती करने से वंचित हो जाएंगे। किसानों ने कलेक्टर से बिल्डर और उनके पार्टनरों के विरूद्ध कार्रवाई कर निर्माण कार्य को रोकने की गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप

### हाईस्कूल फुसेरा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा



**सिर्री।** शासकीय हाईस्कूल फुसेरा में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। विकासखंड स्तर पर फुसेरा हाईस्कूल ने तृतीय स्थान बनाया। कक्षा में प्रथम कुमारी भूमिका बैस 93 प्रतिशत, द्वितीय वेदप्रकाश यादव 87.5 प्रतिशत, तृतीय वितेश्वरी तारक 85.8 प्रतिशत रहे। संस्था के प्राचार्य डीके साहू ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ योगेंद्र साहू, सरपंच ज्योति साहू, भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू, पूर्व सरपंच पूजा साहू, व्याख्यातागण एसके नेताम, मनीषा साहू, हेमलता ध्रुव, नीतू कवरेती, रचना नागवंशी ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराया।

- उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराया

### कोर्रा में श्रीमद् भागवत महापुराण आज से



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोर्रा में स्व. हिरऊराम साहू, स्व. जोहत्रीबाई साहू एवं स्व. तोषण साहू की स्मृति में पुरेंद्र साहू, भीमदेव साहू एवं भीषण साहू द्वारा 18 से 26 मई तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता पं. नवीन कृष्ण महाराज होंगे। रविवार को विशाल जल यात्रा, वेदी पूजन, गोकर्ण कथा, सोमवार को भागवत महात्मय, महाभारत कथा, परीक्षित जन्म व श्राप, मंगलवार को सृष्टि निर्माण, राजा मनु वंश वर्णन, सति चरित्र, कर्दम प्रसंग, बुधवार को ध्रुव चरित्र, भक्त प्रहलाद, नरसिंह अवतार, गुरुवार को राजा बली वंश वर्णन, वामन अवतार, राम-कृष्ण जन्मोत्सव आनंद, शुक्रवार को श्री कृष्ण बाल लीला, गौचारण, दही लूट एवं गोवर्धन पूजन, 56 भोग, शनिवार को मथुरा गमन, कंस वध एवं रूक्मणि विवाह महोत्सव, रविवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, शोभायात्रा, चढ़ौत्री, सोमवार को प्रातः 9 बजे से गीतापाठ प्रवचन, हवन, वार्षिक पूजन, गौपूजन, गीता चढ़ौत्री, वार्षिक श्राद्ध, प्रसाद वितरण के साथ भागवत कथा का समापन होगा।

### सैनिकों की वीरता व पीएम मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता विश्व पटल पर स्थापित हुई : ज्योति

# ऑपरेशन सिंदूर : भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर नगर पंचायत कुरुद में अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान लोगों ने भारत माता की जय, वंदेमातरम, जय जवान, अमर शहीदों के जयकारों के साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये। इससे गर्व व जोश का माहौल बना रहा।

शनिवार दोपहर को निकाली गई तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कार्यालय कुरूद में राष्ट्रगान कर सरोजिनी चौक, कारगिल चौक, बाईपास रोड होते हुए पुरानी मंडी से पुनः नपं परिसर पहुंची। इस मौके पर नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने इसे राष्ट्र की गरिमा, शौर्य और आत्मसम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के राष्ट्रीय संकल्प, सैनिकों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता को विश्व पटल पर स्थापित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव, आत्मसम्मान और वीरता का उत्सव है। विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य आमजनों में देशभक्ति की भावना जागृत कर राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलानी है। रैली में समाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में शामिल लोगों के हाथों में देशभक्ति के नारे और राष्ट्र रक्षा के प्रति उत्साहवर्धन वाले बैनर-पोस्टर दिखे। कारगिल चौक में सभी ने ऑपरेशन सिन्दूर का समर्थन, सेना के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

**हमें अपनी सेनाओं पर गर्व है**

वरिष्ठ भाजपा नेता निरंजन सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, नगर संयोजक भोजराज चन्द्राकर, मालकराम साहू ने कहा कि भारत की जनशक्ति ने एक सशक्त नेतृत्व को केंद्र की गद्दी पर बैठाया है। भाजपा की मोदी सरकार ने देश हित में हर वो निर्णय लिया, जिससे भारत का मस्तक विश्व में सदैव ऊंचा रहे। भारत की तीनों सेनाएं अत्याधुनिक तकनीक से इतनी सशक्त हो चुकी हैं कि अब कोई भी भारत पर बुरी नजर नहीं रख सकता। हमें अपनी सेनाओं पर गर्व है।

इस अवसर पर त्रिलोकचंद जैन, कुलेश्वर चन्द्राकर, प्रभात वैस, मूलचंद सिन्हा, पार्षद मिथिलेश बैस, मनीष साहू, सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, अर्जुन ध्रुव, खिलेन्द्र देवांगन, नंदू चन्द्राकर, रवि, सुरेखा चन्द्राकर, अनुराधा साहू, ममता साहू, विकास चन्द्राकर, कमलेश ध्रुव, प्रवीण शर्मा, भूपेन्द्र सिन्हा, पंकज नायडू, केके बैस, विनोद चन्द्राकर, उत्तम साहू, शरद पंडा, कमल शर्मा, खिलेन्द्र साहू, सीएमओ महेन्द्र गुप्ता, तहसीलदार दुर्गा साहू, थाना प्रभारी श्री जगत, इंजीनियर भोजराज सिन्हा, खिल्लू देवांगन सहित स्कूल के अध्यापक एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## इर्रा में तिरंगा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेनाओं के सम्मान में शनिवार को ग्राम पंचायत इर्रा में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। लोग भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे। सरपंच सूर्यकांत साहू के नेतृत्व में ग्राम इर्रा के पंचायत भवन से शुरू हुई भारत शौर्य तिरंगा यात्रा मुख्य मार्ग से गांव के गली मोहल्लों पर पहुंची। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर इसका स्वागत किया। यात्रा में लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय सेना जिंदाबाद, भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना की जयकारे लगाते चल रहे थे। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीण शामिल हुए।

## समर कैंप में निखर रही बच्चों की प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





पीएमश्री अरौद में आयोजित दस दिवसीय समर कैम्प में बच्चे गायन वादन, नृत्य, क्राफ्ट पेपर, कटिंग, मूर्तिकला, चित्रकला, सुलेख, मटका पेटिंग, पेपर से टोपी बनाना मॉडल बनाना सीख रहे है। समर कैम्प 21 मई तक चलेगा। अन्य शाला के छात्र-छात्रायें भी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत एसएमसी अध्यक्ष गुलाब राम साहू ने पूजा-अर्चना कर की। उन्होंने समर कैम्प में बच्चों को नियमित उपस्थित रहने को कहा। पालकगण, संकुल समन्वय द्वारा शाला का निरीक्षण किया जा रहा है। बच्चे अलग-अलग थीम पर रोज नई नई चीजें रूचि के साथ कर रहे हैं। प्रमोद द्वारा डांस, यशवंत योगा, श्री बांसवार द्वारा मूर्तिकल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

समर कैम्प में लुकेश्वरी दीवान, यशवंत, प्रमोद ध्रुव एवं विद्यालय की प्रधान पाठिका, श्रीमती पुष्पलता यादव का योगदान रहा है। इनका कहना है कि बच्चे समर कैम्प से शिक्षा से जुड़े होते हैं जिनका लाभ हमें शाला खुलने पर मिलता है।

## अंचल की खबरें

### सिहावा विधानसभा में निकली तिरंगा यात्रा













**नगरी।** ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों ने भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए थल सेना, जल सेना और वायु सेना के जांबाज जवानों का आभार व्यक्त किया।

### दुगली में निकली तिरंगा यात्रा



**नगरी।** ग्राम पंचायत दुगली में तिरंगा यात्रा निकाली गई। ग्रामीणों ने जय जवान, जय किसान के नारे लगाए। मौके पर सरपंच रामेश्वर मरकाम, उपसरपंच चंद्रभान नेताम, बूथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, आईटी सेल प्रभारी भाजपा मंडल कुकरेल वरुण देव नेताम, वार्ड पंच उषा वर्मा, नरेंद्र रजक, गायत्री बाई, गौरी बाई ध्रुव, शिवा नेताम, सचिव बीरेंद्र साहू, लता मंडावी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### गैलेक्सी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट






**सिर्री।** गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में प्रथम कोमेश्वर साहू 83.8 प्रतिशत, द्वितीय कुमकुम साहू 78.4 प्रतिशत, हेमा साहू 78.2 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे। कक्षा दसवीं में प्रथम गुपेश्वरी साहू 90 प्रतिशत, द्वितीय गरिमा सोनकर 89.16 प्रतिशत, सोनिया साहू 87.5 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे। उनकी इस उपलब्धि पर संचालक राजेंद्र साहू, प्राचार्य हेमचंद साहू, शिक्षकगण अनिल साहू, दिलीप साहू, घनश्याम, साहू, छत्रपाल साहू, चैतन्य साहू, पारसमणि पाल, नानक साहू, महेश गढ़ेवाल, जावेंद्र यादव, योगेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, केंवरा साहू, धारणी साहू, रेखा निषाद, जानकी साहू, देविका साहू, जागेश्वरी निषाद, शशिबाला साहू, हेमलता साहू, लीलिमा साहू सहित पालकगण रिखीराम साहू, मुकेश साहू, खेमलता साहू, भृत्य अमोली यादव, आया गीता निषाद मौजूद थे।

- दसवीं में गुपेश्वरी, बारहवीं में कोमेश्वर प्रथम

## माता रानी के जसगीत में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





ग्राम भैंसबोड़ में छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया दुर्गा उत्सव समिति, गंजीर परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 19 मई तक श्री शिव पुराण कथा का आयोजन किया गया है। पंचम दिवस कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय अमलीपदर गरियाबंद ने कथा का रसपान कराते हुए माता रानी का जस पचरा गीत सुनाए जिसे सुन भक्त झूमने लगे। कथावाचक ने आगे बताया कि देवी सती एवं भगवान शंकर का विवाह हुआ। विवाह पश्चात देवी सती और भगवान शंकर कैलाश पर्वत पर निवास करने लगे। एक दिन भगवान शिव को भगवान राम की कथा सुनने का मन हुआ तब शिवजी कथा सुनने कुम्भज ऋषि के आश्रम गए। भगवान शिव के साथ देवी सती भी कथा सुनने गई। पंडित जी ने बताया कि एक बार माता सती के पिता राजा दक्ष अपने राज्य में यज्ञ का आयोजन किया। सभी देवताओं को निमंत्रण दिया लेकिन भगवान शंकर एवं माता सती को निमंत्रण नहीं दिया। सती ने अपने पिता से कारण पूछा, लेकिन दक्ष ने शिव के लिए अपमानजनक बात कहना शुरू कर दी। आज 18 मई को में मां गंगा का जन्म, मां गंगा की तपस्या, गंगा जी उत्पत्ति की कथा, माता पार्वती के जन्म की कथा, उनके बाल लीला की कथा, पार्वती की तपस्या, पार्वती और भगवान शंकर जी के विवाह की कथा होगी। कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

- भैंसबोड़ में शिवपुराण सुनने उमड़ रही भीड़

## पुरूर मंडल में बने चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरणसिंह देव, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख की अनुशंसा पर पुरूर मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर प्रसाद पांडेय ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की। मंडल पुरूर में 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 4 मंत्री समेत 34 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं।

मंडल अध्यक्ष श्री पांडेय ने बताया कि उपाध्यक्ष मेहत्तर नेताम, होमशंकर साहू, सविता साहू, डामेश्वरी साहू, महामंत्री यदीप साहू, राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष प्रहलाद साहू, मंत्री सुनीता तिवारी, ममता विजय गौतम, आरती साहू, बाबूलाल सिन्हा बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में बिसम्भर साहू, ताम्रज साहू, अनिल साहू, विशाल दीवान, गोकुल साहू, बिसेसर निषाद, झलेन्द्र सिन्हा, भुवन साहू, भूपेन्द्र सिन्हा, कुलेश्वर साहू, शैलेन्द्र सिंह शोरी, मोहन साहू, तीरथ यादव, धर्मेन्द्र साहू, पुरूषोत्तम साहू, नरोत्तम ठाकुर, रूद्रप्रकाश साहू, रामचन्द्र साहू, गोकुल ठाकुर, पूजा सिन्हा, दिनेश्वरी सिन्हा, गंगा टंडन, कुमारी साहू, दिव्या तारम, लता नरेश, हीरामणि साहू, पार्वती साहू, घनश्याम साहू, ईश्वर साहू, पुनाराम साहू, कन्हैया साहू, शकंर पटेल शामिल हैं।

### ग्राम पंचायत भैंसमुंडी में निकाली गई तिरंगा रैली

# उजड़ी मांगों का ऑपरेशन सिंदूर ने लिया बदला : तारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री




देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देश पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्राम पंचायत भैंसमुंडी में पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस और वीरता को नमन करते हुए,भारत माता के जयकारे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। छत्तीसगढ़ महतारी व भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना के पश्चात तिरंगा यात्रा को गति दी गई। कश्मीर के पहलगाम हमले में आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं पर हुए हमले व उनकी नृशंस हत्या के विरोध में देश के वीर सैनिकों ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को धराशायी करते हुए कई आतंकियों को मार गिराया।

तिरंगा यात्रा पर थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने कहा कि पहलगाम हमले में 26 हिंदुस्तानियों की नृशंस हत्या का बदला लेते हुए देश के सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और इसके माध्यम से बताया कि हिंदुस्तान के ऊपर जो हमला या अत्याचार करेगा। उन्हें ईंट का जवाब पत्थरों से दिया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि हिंदुस्तानी नारी की उजड़ी मांगों का बदला सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर लिया है। भारतीय सेना के अदम्य साहस को नमन है।

सरपंच ओमप्रकाश यादव ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा है कि अभी ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित हुआ है जरूरत पड़ी तो ऑपरेशन सिंदूर को पुनः चलाया जाएगा।

तिरंगा यात्रा में थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, ओमप्रकाश यादव सरपंच भैंसमुंडी, त्रिलोकचंद साहू पूर्व सरपंच, देवलाल साहू अध्यक्ष शाउमा विद्यालय भैंसमुंडी, दुर्योधन निषाद बूथ अध्यक्ष, लक्ष्मीकांत साहू युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सिर्री मंडल, जानकी यादव उपसरपंच, पंचगण पोषण सार्वा, रामबरन, गांधी यादव, हेमंत साहू, पुखराज साहू, डोमिका यादव, देवकी साहू, मीनाक्षी साहू, चमेली बाई विश्वकर्मा, हेमलता साहू, दिवाकर साहू मीडिया प्रभारी, डेरहू साहू, भंगोली साहू, गोपाल यादव, रोहित ध्रुव ,कुलेश्वर साहू, दिलीप यादव, सीता यादव, मोगरा यादव, टामिन पटेल, सचिव सीताराम सिन्हा, रोजगार सहायक जानूराम साहू, ऑपरेटर टेकराम साहू शामिल हुए।

## कला केन्द्र में पेंटिंग क्लासेस शुरू, बच्चों में उत्साह

- कलेक्टर श्री मिश्रा ने किया निरीक्षण, अन्य विधाएं भी जल्द शुरू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर के राम मंदिर के सामने इतवारी बाजार परिसर में शुरू हुए कला केन्द्र धरोहर में पेंटिंग क्लासेस शुरू हो गई है। कला केन्द्र को लेकर बच्चों में अच्छा उत्साह है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इसका आकस्मिक निरीक्षण किया और पेंटिंग सीखने आए बच्चों से बातचीत की। बच्चों ने खुश होकर इस सुविधा के लिए कलेक्टर को थैंक्यू कहा। बच्चों ने बताया कि वे यहां शुरूआत में कार्टून बनाना और चित्रों में रंग भरना सीख रहे हैं। बच्चों ने बताया कि चित्र बनाना बहुत अच्छा आर्ट है और अब हमें इसे सीखने के लिए कहीं और नहीं भटकना पड़ेगा।

श्री मिश्रा ने सुबह कला केन्द्र धरोहर का नगरनिगम कमिश्नर के साथ औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कला केन्द्र में अग्निवीर परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए संचालित क्लासेस की भी सराहना की। कलेक्टर ने अग्निवीर परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओ को लाईवलीहुड कॉलेज के हॉस्टल में आवासीय सुविधा देने पर विचार करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कला केन्द्र में सगीत, नृत्य, फोटोग्राफी, जुम्बा, रंगोली, मेहंदी, क्ले आर्ट, हारमोनियम, तबला आदि वादन कलाओं के साथ कर्सिव राईटिंग की कक्षाएं भी जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कला केन्द्र में अन्य आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए।

## खबर संक्षेप



### तोड़ासी में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**धनोरा।** जिला कोण्डागांव के अंतर्गत उप तहसील धनोरा के आश्रित ग्राम पंचायत तोड़ासी में पांच ग्राम पंचायत क्षेत्रों को मिला कर एक उप प्रखंड के रूप में जन समस्या शिविर शासन के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, केशकाल जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदनी पोटाई, भाजपा मंडल अध्यक्ष धनोरा संतोष कुमार सिन्हा, केशकाल मंडल महामंत्री श्रीरामयदु, वरिष्ठ कार्यकता रमेश यादव, क्षेत्र जिला जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग जी, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चिंगावरम हमले को 15 साल: शहीदों को सिरहासार चौक में श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** पंद्रह साल पहले आज ही के दिन 17 मई 2010 को सुकमा जिले के चिंगावरम में नक्सलियों ने यात्री बस को बम से उड़ाते हुए 15 निर्दोष यात्रियों और 16 पुलिस जवानों की हत्या की थी। इस घटना से छत्तीसगढ़ के नागरिकों को गहरा आघात पहुंचा था,जो आज भी छत्तीसगढ़ की जनता को याद है कि कैसे नक्सलवादियों ने मासूम बच्चों सहित आदिवासी ग्रामीणों व पुलिस जवानों की निर्मम हत्या कर दी थी। चिंगावरम में उन सभी शहीदों को याद करते हुए आज शहीद स्मारक सिरहासार चौक में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

**दो मिनट का मौन रख दी गई श्रद्धांजलि :** वक्ताओ ने नक्सलियो की करतुत को कायराना बताते कहा कि निर्दोश ग्रामीणों और सुरक्षा जवानो की हत्या करना सबसे बड़ा पाप है। ऐसे गलत कार्य के कारण ही नक्सलियों की बेमौत जान जा रही है। दो मिनट का मौन रखकर मारे गये ग्रामीणों ओर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान विधायक विनायक गोयल ,महापौर संजय पाण्डे, वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे, श्रीनिवास मिश्रा, विद्याशरण तिवारी, श्रीधर ओझा, धर्मचंद शर्मा, अविनाश श्रीवास्तव, लक्ष्मी कश्यप, बिजुली वैद्य, समेत बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा तथा नागरिक मौजूद थे।

### डिस्मेंटल कर रहे मजदूर पर ही गिरा छज्जा

**धमतरी।** ड्रील मशीन से डिस्मेंटल कर रहे मजदूर पर छज्जा ही गिर गया। आसपास के लोगों की मदद से मजदूर को किसी तरह छज्जा के नीचे से बाहर निकाला गया। घटना में मजदूर को चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को स्थानीय आमापारा वार्ड स्थित एक घर की छत के नीचे बने पुराने छज्जा को तोड़ने का काम चल रहा था। ग्राम दरगहन थाना गुरुर निवासी ओंकार साहू उम्र 55 वर्ष ड्रील मशीन से छज्जा को तोड़ने के लिए आया था। मजदूर चौखट के ऊपर बने छज्जे पर चढ़कर स्लैब के नीचे स्थित पुराने छज्जे को ड्रील मशीन से डिस्मेंटल कर रहा था। इसी दौरान ऊपर का छज्जा टूटकर मजदूर पर गिर गया। वह छज्जा के नीचे दब गया। आसपास के लोगों ने सब्बल की मदद से छज्जा को हटाकर नीचे दबे मजदूर को बाहर निकाला।

### निधन

#### रामभरोसा साहू



**सिर्री।** ग्राम सिर्री (भाठापारा) निवासी रामभरोसा साहू उम्र 63 वर्ष का निधन 14 मई बुधवार को हो गया। वे अनुसुइया बाई साहू के पति और बृजलाल, गोपाल, राजकुमार के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में ही किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन एवं अन्य ग्रामीणों की भीड़ रही।

प्रदेश के टॉप टेन में स्थान बनाने मात्र 4 अंक से चूकी भूमिका, बनना चाहती है डॉक्टर

# दसवीं बोर्ड : मजदूर की बेटी ने जिले की प्रावीण्य सूची में बनाया चौथा स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी की छात्रा भूमिका साहू ने 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले की प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान हासिल किया है। प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान बनाने में मात्र 4 अंक से पीछे रहने वाली मजदूर की यह बेटी आगे विज्ञान विषय लेकर पढ़ाई करने व डॉक्टर बन गरीबों व गांव की सेवा करना चाहती है।

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा में धमतरी जिले की भूमिका साहू पिता स्व. मनोहर साहू, माता पार्वती साहू ने गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ाई करते हुए जिले में चौथा स्थान हासिल किया है। गरीबी और अभाव के बीच भूमिका ने अपनी परिस्थितियों से समझौता नहीं किया और हार नहीं मानी बल्कि अपनी मेहनत के दम पर छत्तीसगढ़ के टॉप टेन लिस्ट में जगह बनाने महज कुछ अंकों से चूक गई। बावजूद बुलंद हौसले व दृढ़ निश्चय रखने वाली भूमिका ने और अधिक मेहनत के साथ 12 वीं बोर्ड में जरूर प्रदेश के टॉप टेन में स्थान बनाने दोगुनी मेहनत करने की बात कही है।

### गांव और गरीबों की सेवा करना चाहती हूं : भूमिका

भूमिका ने कहा कि मेरी सफलता के पीछे मेरी मां के साथ गुरुजनों का काफी योगदान है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद मेरी मां ने मुझे किसी भी तरह की दिक्कत पढ़ाई में आने नहीं दी। पढ़ाई को लेकर हमेशा मुझे प्रोत्साहित किया। मैं आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हूं। डॉक्टर बनकर मैं गांव और गरीबों की सेवा करना चाहती हूं।

### बचपन में ही गुजर गए पिता, मां करती है पालन पोषण

ज्ञात हो कि निम्न आर्थिक परिस्थिति वाली भूमिका के पिता का देहांत बचपन में ही हो जाने के बाद से ही उसकी मां पार्वती साहू खेती मजदूरी करते हुए उनके साथ दो और छोटी बहनों का भरण पोषण करती हुई हुई परिवार चला रही है। वह बेटियों के सिर पर पिता का साया नहीं होने व गरीबी के बाद भी अपनी बेटियों शिक्षा-दीक्षा में कोई कमी होने नहीं दे रही है। बेटी की सफलता पर वे फूले नहीं समा रही हैं। वे अपनी तीनों बेटियों को खूब पढ़ा लिखाकर एक अच्छे नागरिक बनाना चाहती हैं।

### जनपद अध्यक्ष ने किया सम्मानित

छात्रा की इस उपलब्धि की खबर पाकर जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू ने भूमिका के घर पहुंचकर उनका सम्मान किया। उन्होंने उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे की भी पढ़ाई पूरे लगन के साथ करने की बात करते हुए उनके सपने को पूरा करने में सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर हाईस्कूल जोरातराई के प्राचार्य दयालुराम साहू, सिलौटी की प्राचार्य पद्मा बघेल, शिक्षक गिरधारी राम साहू के अलावा सरपंच अनिल राव शिंदे उपस्थित थे।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष पद के लिए मतदान आज

■ महासचिव पहले ही निर्विरोध चुने गए, परिणाम की घोषणा शाम तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रेस क्लब धमतरी की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल खत्म होने के बाद नई कार्यकारिणी का चुनाव होने जा रहा है। इसके लिए आज रविवार को प्रेस क्लब भवन धमतरी में सुबह 11 से 2 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 3 बजे शुरू होगी। परिणाम शाम 4 बजे घोषित होगा।

विदित हो कि महासचिव पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी विक्रांत शर्मा ने नामांकन दाखिल किया था। विरोध में कोई भी प्रत्याशी नहीं होने के कारण श्री शर्मा निर्विरोध महासचिव चुने गए। मतदान में सभी 34 मतदाता मतदान करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए दो वरिष्ठ पत्रकार प्रेम मगेन्द्र एवं विशाल ठाकुर आमने-सामने हैं।

दोनों की शहर में एवं पत्रकार जगत में गहरी पैठ है। दोनों प्रत्याशी वरिष्ठ होने के साथ महासचिव का दायित्व बखूबी संभाल चुके हैं। दोनों प्रत्याशियों का दावा है कि अध्यक्ष बनने के बाद प्रेस क्लब को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाएंगे। दोनों प्रत्याशियों ने सभी मतदाताओं से सुबह 11 से 2 बजे तक प्रेस क्लब भवन आकर मतदान में हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

# कलारतराई में तिरंगा यात्रा निकली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत कलारतराई में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं भारतीय सेना के साहस, शौर्य और बलिदान को नमन करना था।

मौके पर सरपंच कुलदीप ध्रुव, उपसरपंच माधवेन्द्र साहू, पूर्व जनपद सदस्य गोपाल साहू, भगवान ध्रुव, भगवान सिंह सोनवानी, पंच रविप्रकाश सेन, गयाबाई ध्रुव, सुशीला साहू, रामकुमारी साहू, रामकुमारी मारकंडे, कुंती साहू, धनेश्वरी सिन्हा, भोज बाई साहू, सुलोचना साहू बोधन साहू उपस्थित थे।

# निगम में पार्षद की सुनवाई नहीं, अब कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

**शीतलापारा वार्ड में सीसी रोड निर्माण में अनियमितता का मामला**

नगर निगम में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और अनियमितता को रोकने बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं लेकिन निगम पार्षदों की अनियमितता को लेकर की जा रही शिकायतों को लेकर निगम प्रशासन कन्नी काट रहा है। हालत यह है कि पार्षद को अनियमितता की जांच कराने कलेक्टर से गुहार लगानी पड़ रही है।

सीसी रोड में अनियमितता का आरोप शीतलापारा वार्ड का है। वार्ड पार्षद उमा बाई ध्रुव ने बताया कि 4 मार्च 2025 को तूफान चौक के पास सीसी रोड निर्माण के शेष कार्य को पूरा किया गया जिसमें गुणवत्ताहीन कार्य किया गया है। निर्माण कार्य में सीमेंट का मानक बहुत कम है। गिट्टी भी पौन इंच के बदले डेढ़ इंची डाली गई है। सीसी रोड की हालत यह है कि अब गिट्टी ही नजर आ रही है। पार्षद ने बताया कि इसकी शिकायत एक माह पहले निगम आयुक्त से की थी। सीसी रोड की कोर कटिंग कर निर्माण सामग्री मानक की जांच, जांच होते तक ठेकेदार की पेमेंट रोकने की मांग की थी लेकिन माह भर बाद भी उनकी शिकायत की कोई सुनवाई नहीं हुई।

पार्षद उमा ध्रुव ने बताया कि निगम में पार्षद को महत्व नहीं दिया जा रहा है इसलिए उन्हें वार्डवासियों का हस्ताक्षरयुक्त शिकायत ज्ञापन कलेक्टर को सौंपना पड़ा। वार्ड के भागीरथी, अमर नाग, दिनेश यादव, संतोष, केदारनाथ साहू, बीरू महाजन, आकाश कुर्रे, मटरू धीवर, हिमांशु नाग, प्रमोद, मनोज, मोनू, अर्जुन आदि ने सीसी रोड की जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# भीषण गर्मी में आंधी बारिश का कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मई माह में पड़ने वाली भीषण गर्मी में बारिश, बिजली और आंधी का कहर जारी है। अगले पांच दिनों तक प्रदेश में तीव्र गर्जना, तेज हवाएं तथा बारिश की संभावना बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि इस साल मार्च माह में अधिकतम तापमान का पारा 42 डिग्री पर चला गया था। इसके बाद अप्रैल मई में पश्चिमी विक्षोभ ने इस कदर मौसम बदला कि मई के महीने में भी पारा 42 से पार नहीं हो सका।

तीन आसमानी सिस्टम से मौसम प्रभावित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तरप्रदेश के उपर चक्रवाती परिसंचरण से पूर्वी उत्तरप्रदेश, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल होते हुए पूर्वी बंग्लादेश तक औसत समुद्रतल से 0.9 किमी उपर है। एक उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण तेलंगाना के उपर समुद्र तल से 0.9 किमी की उंचाई पर स्थित है। पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और इससे सटे उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश के उपर समुद्रतल से 1.5 किमी उपर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण उपरोक्त द्रोणिका के साथ विलीन हो गया है। इसके आसपास के क्षेत्र में समुद्रतल से 1.5 किमी उपर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंरक्षण कम स्पष्ट हो गया है। इससे रविवार को प्रदेश के एक दो स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं चेतावनी दी गई है कि प्रदेश के एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ 40-50 किमी की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। आकाश आंशिक मेघ गर्जन रहने के साथ 38 से 27 डिग्री अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान रह सकता है।

# मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरा और नशीली दवाओं का रिकार्ड रखना अनिवार्य

**जिला औषधि विक्रेता संघ ने कार्यशाला आयोजित की, नशीली दवाओं के नियंत्रित विक्रय पर जोर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





जिले में बढ़ रही नशाखोरी को देखते हुए जिला औषधि विक्रेता संघ ने एक कार्यशाला का आयोजन कर नशीली दवाओं के नियंत्रित विक्रय पर जोर दिया। इस प्रकार की दवाओं के क्रय विक्रय का रिकार्ड दुरूस्त रखने और हर दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य बताया गया।

जिला औषधि विक्रेता संघ धमतरी और औषधि विभाग द्वारा रांवा के पटेल भवन में एचएनआरएक्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के एडीसी संजय राजपूत ने प्रतिबंधित दवाइयों को बिना पर्ची के विक्रय नहीं करने की हिदायत दी। किसी भी समस्या से बचने के लिए उन्होंने क्रय विक्रय का पूरा रिकॉर्ड रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सभी दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। इससे काफी हद तक प्रतिबंधित दवाइयों का बिक्री विजुअल रिकार्ड रहेगा। यही नहीं कैमरे के डर से नशेड़ी केमिस्ट को परेशान नहीं कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि दवाओं को साफ सुथरी जगह पर स्टोर करें। फूड एवं मेडीसिन का डिस्प्ले सामने न करें ताकि सूरज की रोशनी दुकान में रखी दवाइयां के ऊपर सीधे न पड़े। ड्रग इंस्पेक्टर सुमित देवांगन ने कहा कि सभी केमिस्ट नारकोटिक दवाइयों का रिकॉर्ड रखें। जरूरतमंद मरीजों को डॉक्टर की पर्ची के अनुसार ही दवा दें। पुरानी पर्ची पर दवा न दें। ड्रग इंस्पेक्टर संदीप सूर्यवंशी ने कहा कि दुकानदारों द्वारा दी गई जीवनरक्षक दवाइयों का सही उपयोग एवं जरूरतमंद को दवाई समय पर उपलब्ध हो, इसका ध्यान रखें

### अच्छे और स्वस्थ समाज बनाने दिशा में करें काम

संघ के अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि अच्छे और स्वस्थ समाज के निर्माण में केमिस्ट साथियों की भूमिका अहम होती है। वह अपने विवेक से आदतन नशेड़ी व्यक्तियों को एनआरएक्स की दवाई न बेचे। अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करके ग्राहकों की सेवा को बेहतर करें।

इस अवसर पर संघ के सचिव संतराम वाशानी, कोषाध्यक्ष नीरज किरण, संरक्षक मनीष चंद्राकर, मनोज साहू, नागेंद्र साहू, रूपेंद्र साहू, गोविंद गांधी, रुद्री जोन अध्यक्ष राकेश साहू, भखारा जोन अध्यक्ष घनाराम साहू, विवेक साहू रांवा, उप जोन अध्यक्ष धर्मेंद्र केसरवानी, तिलक गजेंद्र, टिकेश्वर सिन्हा, हरीश साहू, डगेश्वर साहू, उमाशंकर साहू, योगेश साहू, कैलाश चंद्राकर संतोष साहू, शैलेंद्र साहू, भीखम सिंह साहू, घनश्याम प्रसाद, तुलसीराम साहू, खिलेश साहू, धोलेश्वर ध्रुवंशी, महेंद्र साहू, संजय साहू, परमेश्वर साहू, झरेंद्र साहू, कौशल प्रसाद, फलेंद्र वर्मा, चूड़ामणि साहू, नाकेश साहू, विनय गंजीर, भूपेश साहू, भावेश साहू, रूपेश साहू, कमल साहू उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली

■ मोदी सरकार विपक्ष को हर स्तर पर दबाने का कार्य कर रही : विनोद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला कांग्रेस कमेटी ने संविधान बचाओ रैली निकाली। रैली जिला के कांग्रेस मुख्यालय से प्रारंभ होकर शहर के कचहरी चौक, चमेली चौक, गोल बाजार, मकई चौक से रत्नाबांधा चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचकर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण पश्चात समापन हुआ। जिला संगठन प्रभारी विनोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा विपक्ष को हर स्तर पर दबाने का कार्य किया जा रहा है। आज हर संवैधानिक संस्थाएं उनके इशारों पर कार्य कर रही है। आज प्रदेश में संविधान नाम की कोई चीज नहीं बची है। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि संविधान बचाने का मुद्दा पूरे देश का है। कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को उठाने की जिम्मेदारी उठाई है। देश में भाजपा क्री ट्रिपल इंजन सरकार द्वारा लगातार संविधान पर प्रहार किया जा रहा है। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि संविधान के प्रावधानों को लगातार खोखला किया जा रहा है। एक मजबूत देश के लिए एक मजबूत विपक्ष का होना बहुत जरूरी है लेकिन आज देश के प्रधानमंत्री को विपक्ष मुक्त देश चाहिए ताकि उनके अत्याचारी और तानाशाही पर कोई सवाल न उठा सके। विधानसभा संगठन प्रभारी अश्वनी राजपूत ने मोदी सरकार को तानाशाही सरकार और सावधान विरोधी सरकार बताया।

पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि नक्सली मुठभेड़ के नाम पर बेगुनाह आदिवासियों को मारा जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या के बाद उसे नक्सली मुठभेड़ बताया जा रहा है। पूर्व विधायक विधायक लेखराम साहू ने कहा कि भाजपा नेता संविधान विरोध की भावना इतना आगे बढ़ा चुके हैं कि देश के संसद में गृहमंत्री के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने एक देश एक चुनाव को मोदी सरकार द्वारा छोटी और क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म करने की साजिश बताया। प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर ने कहा कि मोदी सरकार लगातार संविधान और जनता के विरोध में कार्य कर रही है। पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू ने मोदी सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना किया। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने कहा कि संविधान विरोधी सरकार ने त्रि-स्तरीय पंचायती राज चुनाव में पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधियों को चुनाव से दूर रखा। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग आज संविधान को खत्म कर रहे हैं । सरकार के खिलाफ बोलने पर घरों में बुलडोजर चलाया जा रहा है। पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में डॉ भीमराव अंबेडकर जी का अपमान किया जाता है एवं उनके कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों सहित महान विभूतियों के प्रति देश विरोधी तथ्यों के साथ इतिहास को धूमिल करने का कृत्य किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**80 प्रतिशत पाइपलाइन नालियों से होकर जाती है**

# नालियों से गुजरी पेयजल पाइपलाइन को दुरूस्त करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर पालिक निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डों में पेयजल पाइपलाइन कनेक्शन ज्यादातर नालियों एवं नालों से होकर गुजरा है। जिसे समय-समय पर उपर उठाने की कोशिश की गई, फिर 70 से 80 प्रतिशत पाइपलाइन नालियों से होकर गुजरी है, जिससे नाली का गंदा पानी पुरानी पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक पहुंचकर लोगों को बीमार बना रहा है। निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा ने नागरिकों की मांग पर उसे संज्ञान में लिया है और नालियों, नालों से गुजरी पाइपलाइन को उपर उठाकर दुरूस्त करने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिया है।

बांसपारा, मराठापारा, नाचन कॉलोनी निवासी मंजुलता, प्रकाश धीवर, नेमीचंद सोनी, धीरज सेन, अनामिका ध्रुव का कहना है कि शहरवासी एक लंबे अर्से से नाली से होकर गुजरी पाइपलाइन को उपर उठाने की मांग निगम प्रशासन से कर रहे हैं। अब महापौर रामू रोहरा ने इसे संज्ञान में लेकर दुरूस्त करवाने का बीड़ा उठाया है। वार्डवासियों का कहना है कि नालियों का गंदा पानी घरों तक पहुंचने के कारण लोग डायरिया, हैजा, आंत्रशोथ, टाइफाइड, पेट संबंधित बीमारी, पीलिया आदि बीमारी से पीड़ित हो जाते हैं। यह समस्या शहर के सभी 40 वार्डों में है। खासकर बांसपारा, बठेना, रामपुर, दानीटोला वार्ड में हर साल बारिश और गर्मी में डायरिया, उल्टी, दस्त की शिकायत मिलती है। यही स्थिति अभी रूद्री बस्ती में है जहां के कुछ लोग सप्ताह भर से पीड़ित है। यह गंदा पानी पीने का नतीजा है।

बता दें कि शहर में 1200-1300 से पाइपलाइन नल कनेक्शन नालियों से होकर गुजरा है जिसे निगम टीम ने चिन्हांकित किया है। इसके लिए निगम 80 लाख खर्च कर रहा है।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता ने भारत का मान बढ़ाया



**धमतरी।** ग्राम पंचायत बारना में भारतमाता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा निकाली गई । सरपंच दीपक पटेल ने कहा कि पहलगाम बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने निर्दोष आम लोगों की निर्मम हत्या की। बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया। रूपचन्द साहू ने बताया कि तिरंगा भारत माता की आन बान और शान है। आपरेशन सिंदूर की सफलता ने भारत माता का मान बढ़ाया है। आभार प्रदर्शन चोवा पटेल ने किया। तिरंगा यात्रा में उपसरपंच मनीष पटेल, पंच तीजिया पटेल, लक्ष्मी साहू, यामिनी साहू, पार्वती निषाद, सोनम प्रजापति, सोहद्रा पटेल, ललित साहू, योगेन्द्र निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पार्षद हिमानी ने सुनी वार्डवासियों की समस्याएं

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती हिमानी ने वार्डवासियों की समस्याएं सुनी। इसके निराकरण के लिए उन्होंने नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों को आदेशित किया।

### मानस 91 प्रतिशत पाकर रहे अव्वल

**जगदलपुर।** विद्याज्योति स्कूल में कक्षा 10 वी अध्यनरत मानस



सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 91.2 प्रतिशत अंको के साथ मेरिट में स्थान पाया है। माता रेणु और पिता बसन्त जोशी का यह होनहार पुत्र प्रारंभ से ही मेधावी रहा है। 11 वी गणित संकाय लेकर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करने का मन बनाया है। स्कूली शिक्षा में शुरू से पढ़ाई में अव्वल लाने वाले मानस कभी ट्यूशन का सहारा नही लिया। उनके इस उपलब्धि पर परिजन,नाते-रिश्तेदार में खुशी की लहर है।

### विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल आड़ावाल के छात्रों ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं (कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं) में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने न केवल अच्छे अंक प्राप्त किए, बल्कि कुछ विषयों में 100 फीसदी परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय की गुणवत्ता को सिद्ध किया है। कक्षा 12 वीं में कॉमर्स संकाय की छात्रा मंतशा परवीन ने 78 फीसदी अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में गगन कुशवाहा ने 60.2 फीसदी अंक हासिल किए। कक्षा 10 वीं में अनुराधा सिंह ने 80.2 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में टॉप किया। विशेष बात यह रही कि कक्षा 12 वीं के गणित, जीव विज्ञान, भौतिकी, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, अंग्रेजी एवं हिंदी जैसे प्रमुख विषयों में 100 फीसदी परिणाम प्राप्त हुआ है, जो विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। विद्यालय के प्राचार्य शैलेश कुमार ने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग को भी इस सफलता का आधार बताया गया है।

### संयुक्त संचालक ने किया समर कैंप का निरीक्षण

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा स्थित पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संचालित समर कैंप का शनिवार को शिक्षा विभाग जगदलपुर के संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य, संकुल समन्वयक किरण मुखर्जी एवं विद्यालय के शिक्षक शामिल रहे। मेगा समर कैंप में बच्चों को विविध कलाओं एवं रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### कार्यक्रम में गोंड़ समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# मां अंगारमोती मंदिर ट्रस्ट गंगरेल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मां अंगारमोती मंदिर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मां अंगारमोती परिसर गंगरेल में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के अतिथि अजय फत्ते लाल ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी, शीला सविता महेश सरपंच गंगरेल, दीपक छेदैहा सरपंच तुमराबहार, सोमन मंडावी सरपंच कसावाही, अकबरराम कोर्राम प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड़ महासभा, विनोद नागवंशी महासचिव, बीएस रावटे कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, संतोषी ठाकुर महिला प्रकोष्ठ गोंडवाना समाज समेत समाज के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी थे। गोंड़ समाज के जिला अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर ने नए न्यासी (ट्रस्टी) को शपथ दिलाई। इस अवसर पर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि मां अंगारमोती का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। मां अंगारमोती के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दिशा में कार्य किया जाएगा। श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधा, चाय पानी, शौचालय, शिशुवती महिला श्रद्धालुओं के लिए फीडिंग रूम की व्यवस्था की जाएगी। शपथ ग्रहण के पश्चात 10वीं एवं 12वीं में 80% से ऊपर नंबर प्राप्त किए गोंड़ समाज के बच्चों को प्रशंसा पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यार्थियों को गोंड़ समाज के अधिकारी कर्मचारियों ने कैरियर गाइडेंस की जानकारी दी। उनको करियर बनाने, उच्च शिक्षा अध्ययन करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में यथासंभव सहयोग करने की बात कही। मौके पर शिव नेताम, शिवप्रसाद कोर्राम, लाल सिंह चंद्रवंशी, संतोष ध्रुव, कृष्ण नेताम, सुरेंद्र ध्रुव, सुरेश ध्रुव, जितेंद्र नेताम, टीकाराम गंगेश, शंकरलाल नेताम, ईश्वर ध्रुव, धनाजी ध्रुव, बसंत मौर्य, लोकेश मंडावी, सोनउराम ध्रुव, वेद प्रकाश ध्रुव, हेमंत ध्रुव, तिजेन्द्र कुंजाम, बंटी मरकाम, खिलेन्द्र पडौटी, दिग्विजय ध्रुव, अनीता ठाकुर, चंद्रकला नेताम, ईश्वरी नेताम, चंद्रकिरण नेताम, होमन कतलाम, सुग्रीव ध्रुव, कुलेश्वर ध्रुव, कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ से गेवाराम नेताम, राहुल नेताम, दौलत ध्रुव, गौतम पोटाई, टीकाराम कुंजाम, टीकम ध्रुव, नोहर नेताम, कलाराम गंगेश, नीलिमा नेताम, योगेश्वरी मंडावी, दीप्ति पोटाई सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।






# पिंक टायलेट का नहीं हो रहा उपयोग, बना शो पीस

- बालक चौक स्थित पिंक टायलेट में जाने के लिए नाला में स्लेब बनवाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के विभिन्न 8 स्थानों पर महिलाओं के लिए पिंक टायलेट बनाया गया है। इस शौचालय की गुलाबी रंग से पुताई की गई है। इस टायलेट में महिलाओं को विशेष सुविधाएं दी गई हैं। सेनेटरी पेड, वेडिंग, डिस्पोजल मशीन, फीडिंग कक्ष, रेस्ट रूम, स्नानागार, वॉश बेसिंग आदि हैं जहां महिलाएं अपने आपको सुरक्षित महसूस करती हैं।

शहर के विभिन्न जगहों पर बनाए गए पिंक टायलेट में सुविधाओं का अभाव है। कुछ उपयोगता विहीन हो गए हैं तो कुछ देखरेख के अभाव में जर्जर हो गए हैं। सदर बाजार बालक चौक काम्पलेक्स के पास बनाया गया पिंक टायलेट पूरी तरह शो पीस बनकर रह गया है। टायलेट ऐसी जगह बनाया गया जहां जाने के लिए रास्ता ही नहीं है। टायलेट के सामने 5 फीट चौड़ा, 10 फीट लंबा, 5 फीट गहरा खुला बदबूदार नाला है। रास्ता नहीं होने के कारण आसपास की महिलाएं व लड़कियां टायलेट तक पहुंच ही नहीं पा रही हैं।

गोलबाजार एवं आसपास की कामकाजी व्यवसायी महिलाएं सुनीता बाई, कुमारी बाई चौहान, शकुंतला साहू, अनामिका पटेल, शीतल कुंभकार, शांति बाई, जानकी बाई का कहना है कि गोलबाजार, मकई चौक, सदरबाजार क्षेत्र में 500 से अधिक महिलाएं व लड़कियां कामकाजी हैं जो प्रसाधन रूम के लिए भटकती हैं। जरूरत पड़ने पर सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करती हैं जहां शर्मिंदगी महसूस होती हैं। बालक चौक में पिंक टायलेट का निर्माण किया गया है, लेकिन वहां जाने के लिए रास्ता ही नहीं है। नाली के कारण वहां कोई नहीं जाता। देखरेख के अभाव में जर्जर हो गया है। महिलाओं ने महापौर रामू रोहरा से पिंक टायलेट की साफ- सफाई व जाने के लिए रास्ता बनवाने का आग्रह किया है।

# समाधान शिविर में जनप्रतिनिधियों ने निभाई सहभागिता

## जनमानस की समस्याओं के समाधान का समुचित मंच है शिविर : दयाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार आपके द्वार की पवित्र भावना को लेकर गर्मी की भरी दोपहरी में शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी समाधान शिविर आयोजित करते हुए मूलभूत सुविधाओं सहित विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए जनता को राहत देने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें जनप्रतिनिधि भी निरंतर पहुंचकर अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं।

खरेंगा जोन के शिविर में वरिष्ठ नेता दयाराम साहू, जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू, सरपंचगण हिमांशु साहू दर्री, रामकुमार यादव सारंगपुरी ने विभिन्न ग्रामों से आए लोगों को खसरा, बंटाकन, पानी, बिजली, सड़क, सामुदायिक भवन जैसी समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर दयाराम साहू ने कहा कि जनता की समस्याओं का समुचित निदान करने के लिए एक मंच की आवश्यकता होती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गांव-गांव में चलाया जा रहा यह शिविर मिल का पत्थर साबित हो रहा है। जनपद सदस्य गीतेश्वरी साहू ने कहा कि पारदर्शी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका जनता के प्रति जवाबदेही होती है जिसमें शत प्रतिशत खरा उतारते हुए प्रदेश की सरकार जनता तक सीधे पहुंच रही है। दर्री सरपंच हिमांशु साहू ने विष्णुदेव साय की सरकार को भरोसे की सरकार बताया।

# छात्राओं ने निम्नवर्गीय और उच्चवर्गीय पौधों के बीच का अंतर जाना

**धमतरी।** शासकीय एनआरएम कन्या महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया के कुशल मार्गदर्शन में निम्नवर्गीय पादप विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को निम्नवर्गीय और उच्चवर्गीय पौधों के बीच का अंतर, उनकी पहचान और पौधों की विविधताओं की जानकारी दी गई।

मुख्य वक्ता शासीय डीबी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर के वनस्पति शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. जेएन वर्मा ने बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं को पावर प्वाइंट प्रस्तुति से निम्नवर्गीय पौधों की विशिष्टिताओं, उनकी पहचान करने की विधियों, अध्ययन तकनीकों और उनके आर्थिक महत्वों के बारे में समझाया। उन्होंने निम्नवर्गीय पौधों के जीवन चक्र और पर्यावरण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राध्यापकगण डॉ. रोहिणी मरकाम, डॉ. जेएल पाटले और मधुमाधव देव ने छात्राओं को वनस्पति शास्त्र के अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने कहा कि इस प्रकार का व्याख्यान छात्राओं को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त ज्ञान प्राप्त करने और विषय की बारीकियों को समझने में अत्यंत सहायक होता है। विभागाध्यक्ष प्रो. ओपी चन्दे ने आभार व्यक्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# रांवा में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



- कांति 12वीं में 91.8 प्रतिशत अंक के साथ शाला में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांवा की छात्रा कांति निर्मलकर पिता इमन लाल निवासी भानपुरी ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम व धमतरी जिले के प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया।

खुशबू पिता उत्तम कुमार साहू निवासी ग्राम रांवा ने 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में भूमिका पिता ज्ञानिक राम 92.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, गिरवर पिता नरेश कुमार 88 प्रतिशत द्वितीय रहे। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा। जिसमें 24 छात्र प्रथम श्रेणी, 5 द्वितीय श्रेणी व 1 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

कक्षा 12वीं का परिणाम 74 प्रतिशत रहा। 26 छात्र प्रथम श्रेणी, 23 द्वितीय श्रेणी व 7 छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्राचार्य केश कुमार सेन, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मानिक राम साहू, समिति के विधायक प्रतिनिधि लालचंद साहू, सदस्य पुनीत राम साहू, खोमन सिन्हा ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर व्याख्याता शेषनारायण सिन्हा, हरेंद्र कुमार साहू, अहेद अली, देवव्रत साहू समेत शाला स्टाफ कुणाल भेसले, संतोष निर्मलकर व अन्य उपस्थित थे।

# फरियादियों की समस्याओं का तत्काल निदान कर रहे महापौर



- प्रतिदिन 50 से 60 लोग समस्या लेकर पहुंच रहे निगम, फौरी कार्रवाई से संतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महापौर रामू रोहरा निगम पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं का तत्काल निराकरण कर रहे हैं। प्रतिदिन करीब 50 लोग निगम पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को आमापारा की एक बुजुर्ग महिला महापौर के चेंबर तक अपनी समस्या लेकर पहुंची जिसका निदान तत्काल किया गया। बुजुर्ग ने महापौर को आशीर्वाद देकर अपने वार्ड में आने का न्योता दिया। जलाराम वृद्धाश्रम के लक्खूभाई भानुशाली ने महापौर से मिलकर आश्रम में पानी की समस्या बताई जिस पर महापौर ने जल विभाग को मौके पर भेजकर पंप सुधारने कहा। पार्षद कुलेश सोनी ने महापौर को बताया कि सोरिदनाला में मलबा जाम है। बारिश में कई वार्ड डूब जाते हैं। महापौर ने अधिकारियों को तत्काल मलबा हटाने निर्देशित किया। आमापारा की एक महिला ने बताया कि उनके घर में पुराने सूखे दो पेड़ हैं जिससे कभी भी अनहोनी हो सकती है। महापौर ने कर्मचारियों को पेड़ों को काटने का निर्देश दिया। धमतरी की जनता महापौर की फौरी कार्रवाई से संतुष्ट हैं।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का वेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
20 मई दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
21 मई दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय : सुबह 10:00 से 3 बजे
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी), लकवा,
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें
समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

# भारत माता के जयकारों के साथ सारंगपुरी में तिरंगा यात्रा निकली




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत सारंगपुरी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए अमानवीय अत्याचार के विरुद्ध केंद्र सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया जिसमें तीनों सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तान को युद्ध विराम के लिए मजबूर कर दिया था। पंचायत भवन में मां भारती के तैल चित्र की पूजा की गई। उसके बाद भारत माता के जयकारों के साथ गांव की गलियों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मौके पर सरपंच रामकुमार यादव, सचिव जीवन लाल साहू, रोजगार सहायक रोशन साहू, पंचगन नारायण ढीमर, थानेश्वरी साहू, इंदु साहू, कांति नेताम, मंजु ध्रुव, निलेश्वरी निषाद, देवकी नेताम, जेआर नेताम शिक्षक, सतरुपा नेताम, टेमिन, चेतन नेताम समेत अन्य मौजूद थे।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दो में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून,14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री नि:शुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411